# जिंदगी सुधार बंदा यही तेरो काम है लिरिक्स

जिंदगी सुधार बंदा,
यही तेरो काम है।bd।

---

मानुष की देह पाई,
हरि से ना प्रीत लाई,
विषयों के जाल माही,
तू फसियो निकाम है,
जिन्दगी सुधार बन्दे,
यही तेरो काम है।bd।

---

अंजलि को नीर जैसे,
जावत शरीर तैसे,
धरे अब धीर कैसे,
बीतत तमाम है,
जिन्दगी सुधार बन्दे,
यही तेरो काम है।bd।

---

भाई बंधु मीत नारी,
कोई ना सहायकारी,
काल यम पाश धारी,
सिर पे मुकाम है,
जिन्दगी सुधार बन्दे,
यही तेरो काम है।bd।

---

गुरु की शरण जावो,
प्रभु का स्वरुप ध्यावो,
'ब्रम्हानंद' मोक्ष पावो,
सब सुखधाम है,
जिन्दगी सुधार बन्दे,
यही तेरो काम है।bd।

---

जिंदगी सुधार बंदा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com